>

Title: Need to restore 4G internet services in Jammu district, Jammu and Kashmir-laid.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर राज्य की ओर दिलाना चाहता हूँ, जम्मू कश्मीर में सुरक्षा की दृष्टि से 4G इन्टरनेट को बंद किया गया था। ऐसे में कोराना संकट आना बहुत ही चुनौती देनेवाला समय बन गया। अध्यक्ष महोदय जी लॉकडाउन के समय पूरा देश घरों के अन्दर था और बच्चों की पढाई ऑनलाइन कर दी गयी। इन्टरनेट नहीं होने के कारण जम्मू कश्मीर में बच्चों की पढाई का सबसे ज्यादा नुक्सान हो रहा है। सुरक्षा को देखते हुए जम्मू कश्मीर में 4G इन्टरनेट को बंद किया गया था पर प्रशिक्षण के लिए 2 जिलों में 4G नेट चलाया गया है | मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि जम्मू जिला में भी 4G नेट चालू किया जाए, जिससे वहां के युवाओं को और बच्चों को ऑनलाइन पढाई में दिक्कत न हो |